कार्यालय, रजिस्ट्रार, मध्यप्रदेश सह-चिकित्सीय परिषद

(M.P. PARAMEDICAL COUNCIL)

(A Statutory Body of the Government of Madhya Pradesh)

तृतीय तल, प्लेटिनम प्लाजा, माता मंदिर रोड, भोपाल

क्रमांक/ एफ-115/ 219 /2026 भोपाल दिनांक 02/02 /2026

सूचना

शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेशित एक वर्षीय सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के नामांकन फार्म भरे जाने हेतु पुन: लिंक ओपन किये जाने के संबंध में।

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि परिषद द्वारा जारी सूचना पत्र क्रमांक/एफ-115/2898/2025 भोपाल दिनांक 18/09/2025 के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेशित एक वर्षीय प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं के नामांकन फॉर्म ऑनलाईन के माध्यम से भरे जाने हेतु तिथि निर्धारित की गई थी, किन्तु शासकीय एवं निजी संस्थाओं द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त निर्धारित तिथि तक संस्थानों में प्रवेशित समस्त छात्र-छात्राओं के नामांकन फॉर्म नहीं भरे जा सकें।

संस्थाओं द्वारा किये गये अनुरोध एवं छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुये नामांकन फॉर्म भरे जाने से वंछित छात्र-छात्राओं के नामांकन फॉर्म विलम्ब शुल्क (1184/- रूपये प्रतिछात्र पोर्टल शुल्क सहित) के साथ भरे जाने हेतु अंतिम अवसर प्रदान करते हुये दिनांक 03-02-2026 से 12-02-2026 तक एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से पुन: लिंक ओपन की जाती है तथा छात्र-छात्राओं द्वारा भरे गये नामांकन फॉर्म संस्थान की G2G आईडी के माध्यम से परिषद को ऑनलाईन फॉरवर्ड किये जाने हेतु 16/02/2026 निर्धारित की जाती है। शेष दिशानिर्देश परिषद द्वारा पूर्व में जारी सूचना अनुसार यथावत रहेंगे।

कृपया उक्त निर्धारित तिथि में नामांकन फॉर्म ऑनलाईन के माध्यम से भरे जाने हेतु छात्र-छात्राओं को संस्थान स्तर से सूचना प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें।

02/02/26

(डॉ. शेलेंद्र जोशी)
रजिस्ट्रार
मध्यप्रदेश सह-चिकित्सीय परिषद

क्रमांक/ एफ-115/ /2026 भोपाल दिनांक / /2026

प्रतिलिपि:-

01- निज सचिव, माननीय उप-मुख्यमंत्री महो. मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा एवं पदेन अध्यक्ष मध्यप्रदेश सह-चिकित्सीय परिषद, भोपाल

02- निज सहायक, आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा एवं पदेन अध्यक्ष परीक्षा मण्डल, सतपुडा भवन, भोपाल।

03- संचालक, नर्सिंग सह-चिकित्सा, सतपुडा भवन, भोपाल।

04- शैक्षणिक सत्र 2023-24 में एक वर्षीय सह-चिकित्सीय पाठ्यक्रम संचालित शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/संस्थान, मध्यप्रदेश की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।

05- संचालक, एम पी ऑनलाईन लिमिटेड, तृतीय तल, स्टेट आई.टी. पार्क, नियर अब्बास नगर, आरजीपीबी गॉधी नगर जिला भोपाल की ओर लेख है कि नामांकन फॉर्म विलम्ब शुल्क के साथ भरवाये जाने हेतु निर्धारित तिथि अनुसार लिंक ओपन करने का कष्ट करें।

//
रजिस्ट्रार
मध्यप्रदेश सह-चिकित्सीय परिषद